दैनिक नवज्योति दि-12.10-12

बीएसएनएल कर्मी प्रदर्शन करते हुए। प्रेस फोटो- बालकिशन झा

फिर शुरू हुआ आईटीएस अधिकारियों का विरोध

बीएसएनएल कर्मियों ने किया प्रदर्शन

अजमेर, 11 अक्टूबर (का.सं.)। भारत संचार निगम में प्रतिनियुक्ति पर चल रहे इंडियन टेलीकॉम सर्विस (आई.टी.एस.) अधिकारियों को वापस उनके मूल विभाग में भेजने के लिए विरोध फिर जोर पकड़ने लगा है।

निगम में समाहित हो चुके अधिकारियों व कर्मचारियों ने आई.टी.एस. अधिकारियों को वापस मूल विभाग में नहीं भेजने की स्थिति में निगम के करीब चार लाख अधिकारियों व कर्मचारियों को भी फिर से दूरसंचार विभाग में लेने की मांग की है। इस मांग के समर्थन में गुरुवार को उन्होंने महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शन में बीएसएनएल एम्पलाइज यूनियन, एग्ज्यूकेटिव एसोसिएशन एवं स्नेहा आदि सभी संगठनों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। सचिव जी.एस. छाबड़ा के मुताबिक आई.टी.एस. अधिकारियों के निगम में प्रतिनियुक्तिपर होने से निगम में समाहित अधिकारियों व कर्मचारियों की पदोन्नतियां रुकी हुई। मांग नहीं मानी गई तो 15 अक्टूबर सोमवार को मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। 29 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक जिला मुख्यालयों पर कार्यालय समय में भूख हड़ताल की जाएगी।

दैनिक भास्कर दि-12.10.12

बीएसएनएल कार्मियों का प्रदर्शन

अजमेर। बीएसएनएल की संयुक्त संघर्ष समिति ज्वाइंट फोरम, दिल्ली के आह्वान पर गुरुवार को सावित्री कॉलेज चौराहा स्थित जीएम दफ्तर के बाहर कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने प्रदर्शन किया। सचिव जीएस छाबड़ा ने बताया कि कर्मचारियों एवं अधिकारियों को दूर संचार विभाग की सेवाओं में जाने का विकल्प नहीं दिए जाने के कारण कर्मचारियों एवं अधिकारियों को समुचित लाभ नहीं मिल रहे। आंदोलन की अगली कड़ी में 13 अक्टूबर से सेविंग्राम भेजे जाएंगे, 15 को धरना दिया जाएगा। 26 को प्रदर्शन कर रैली निकाली जाएगी। 29 से भूख हड़ताल की जाएगी।